राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 181/2023

राजभवन में तेलंगाना दिवस का आयोजन किया गया

पटना, 02 जून, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन, बिहार के दरबार हॉल में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत आयोजित तेलंगाना के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी एकता ही भारत की श्रेष्ठता का परिचायक है। भारतीय संस्कृति की अलग–अलग छटाएँ हैं, किन्तु यह एक है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे देशवासियों के बीच एकता और आपसी प्रेम की भावना विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस के समय से नही, बल्कि हजारों वर्षों से है। हमें एकत्व की इस भावना को बनाये रखना है। उन्होंने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल की दृढ़ता और संकल्प की वजह से ही भारत अखंड बना और हमें इसकी एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखना है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव डॉ० बी० राजेन्दर ने राज्यपाल को पुष्प गुच्छ भेंट कर समस्त तेलंगानावासियों की ओर से उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार में पदस्थापित तेलंगाना के पदाधिकारीगण एवं उनके परिजन तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

....